



## एक नजर में

### मिडिल स्कूल मन्दोरी के पांच विद्यार्थी को मिलेगी राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति



**मंडलेश्वर, निप्र।** ग्रामीण परिवेश मे पले बढ़े पांच विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। संकुल प्राचार्य के सी सांड एवं जन शिक्षक राजेन्द्र कर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि संकुल कि शासकीय मिडिल स्कुल मन्दोरी के पाँच विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए आयोजित राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 के माध्यम से हुआ है। इन विद्यार्थियों मे चंद्रपाल पिता राजेन्द्र पटेल, अनन्या पिता राजेन्द्र सिटोले, राजा पिता लखन कर्मा, सृष्टि पिता राकेश पगारे, एवं वैशाली पिता संतोष मालवीया शामिल है।इन विद्यार्थियो को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक चार वर्ष की अवधि तक 12000 रूपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### सर्वाइकल कैंसर के लिए अधिक से अधिक संख्या में हो टीकाकरण : डॉ. दीक्षित



**कसरावद, निप्र।** कैंसर की बीमारी हमारे समाज के लिय एक बड़ी बीमारी का रूप लेती जा रही हैं। इसका उपचार बहुत खर्चीला एवं पीड़ादायक होता हैं। कैंसर की बीमारी के कई प्रकार हैं, इसमें महिलाओं में सर्वाधिक होने वाले कैंसर में सर्वाइकल कैंसर भी है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के टीका है और यह 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को लगाया जा रहा है। वर्तमान में सरकार द्वारा सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर नि : शुल्क टीका लगाया जा रहा है। इस टीकाकरण अभियान में इस उम्र की सभी बालिकाओं को टीका लगवाने में सहयोग करे। उक्त बात मेडिकल ऑफिसर डॉ चंद्रेश दीक्षित ने भारतीय जैन संघटना द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यकम में संघटना के अध्यक्ष सचिन जैन रायली ने कहा कि बदलते खानपान एवं दिनचर्या के कारण कई बीमारियां हो रही हैं। इसके बीच कैंसर जैसा महारोग भी तेजी से फैल रहा है। कैंसर के प्रति जागरूकता लाने के लिए भारतीय जैन संघटना पूरे देश में अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत आज कैंसर जागरूकता कार्यकम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर को लेकर नि :शुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान को लेकर समाज को जागरूक कर पात्र सभी बालिकाओं को टीके लगवाने में सहभागिता करे। कार्यकम में बीपीएम गिरनार सिंह भूरिया, बीएसी अजय कर्मा, नवीन लूणीया, नगीन धनोते, प्रेमचंदकवाड़, पंकज जैन,अनूप जैन, आशा लूणीया, नमिता लूणीया आदि उपस्थित थे।

### सेगांव में प्रस्फुटन समितियों को सिखाए नेतृत्व और प्रबंधन के गुर



**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना के तहत ग्रामीण विकास की कमान अब और भी सशक्त हाथों में होगी। गुरुवार को स्थानीय आजीविका भवन में नवांकुर संस्था जागृतम् सेवा संस्थान के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के बैनर तले आयोजित इस कार्यशाला में सेगांव सेक्टर की ग्राम प्रस्फुटन समितियों को नेतृत्व और प्रबंधन के गुर सिखाए गए। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सहायक विकास अधिकारी सुनील भाबर ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नवांकुर संस्थाएं शासन और ग्रामीण समितियों के बीच एक मजबूत कड़ी का काम कर रही हैं। आजीविका परियोजना के सेक्टर प्रभारी आनंदराम पाटीदार ने प्रशिक्षण के दौरान समितियों को आर्थिक सुदृढ़ीकरण और आजीविका के अवसरों से जुड़ने के व्यावहारिक तरीके बताए। ब्लॉक समन्वयक विकास पांडे ने प्रस्फुटन समितियों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेगांव, बड़ा, दोमवाडा, बिरला, गटलाखेड़ी सेक्टर के समिति अध्यक्ष एवं सचिव और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज खरगोन का रहा दबदबा



**खरगोन, निप्र।** पीजी कॉलेज में बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शतरंज, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मुकाबले महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पीवी दुबे रही। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन कुमार चौधरी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं नियमों की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं के लिए लॉट्स डाले गए। प्रतियोगिता में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, से जुड़े खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर एवं बुरहानपुर जिलों के कुल आठ महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में आयोजक संस्था शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में चयनित संभागीय दल अब 23 मार्च को सागर के लिए रवाना होगा, जहां 24 से 26 मार्च तक राज्य स्तरीय शिक्षक .कर्मचारी खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मेले सीखने-सिखाने का सशक्त माध्यम : विधायक पाटीदार

## कृषि विज्ञान मेले में किसान सीख रहे आधुनिक तकनीक से खेती के तौर-तरीके

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** मेले हमारी संस्कृति की पहचान है। मेले सीखने- सिखाने का अवसर होते है। यह कृषि विज्ञान मेला भी किसानों के अनुभव और वैज्ञानिकों की सलाह से खेती को नई दिशा और दशा देगा। यह कहना अतिश्योक्ति नही होगी कि, आने वाले समय में प्रदेश में सबसे अधिक उत्पादन वाला जिला हमारा होगा। हमारे जिले की जलवायू ऐसी है कि हर तरह की फसल उत्पादित हो रही है। यहां सफेद मूसली, डॉलर चना, मिर्च के साथ अन्य मसाले फल का बंपर उत्पादन हो रहा है।

यह बात विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बलवाड़ी में दो दिवसीय कृषि मेले के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। कृषि विज्ञान मेले में किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती के तौर-




तरीके सिखाने के लिए विभिन्न खाद-बीज कंपनियों के साथ ही आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई है। विधायक ने कहा 1960 के दशक में देश में खाद्यान्न संकट था, 1965 में विदेशों से अनाज आयात करना पड़ता था। आज देश में अन्न के भंडारे भरे हुए है। किसान खेती के अत्याधुनिक तौर तरीको से प्रगतिशील हो गए है। प्रदेश की बात करें तो मंडी में सबसे अधिक उपज बिक्री में जिला



दूसरे नंबर पर रहा है, इसका श्रेय किसानों को ही जाता है। किसानों की मेहनत के बदौलत आज प्रदेश खाद्यान्न के मामले में देश में नंबर-1 राज्यों की गिनती में शामिल है।

**कृषक सम्मान भी :-** मेले में नवाचार करते हुए पारंपरिक खेती छोड़ अंजीर की खेती करने वाले सरवर देवला निवासी अशोक यादव और जैविक खेती कर रहे रजूर के मुकेश पाटीदार को मंच से सम्मानित किया गया। कृषि उप संचालक एसएस राजपुत ने बताया मेले में 80 से अधिक कृषि उत्पाद, दवाईयों, खाद सहित आधुनिक उपकरणों के स्टॉल लगाए गए है। जहां उन्नत बीज, देशी बीजों की प्रदर्शनी लगाई है।

### कलेक्टर भव्या मित्तल ने प्राकृतिक खेती करने का किया आह्वान

कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा पेस्टीसाइड और फर्टिलाईजर का खाना बीमारियों का घर बन रहा है। इससे निजात के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढना होगा। किसान इस खेती की ओर बढ़ भी रहे है। इसके लिए सरकार भी मदद कर रही है। इसके अलावा नवाचार करने वाले किसानों को भी प्रशासन मदद कर रहा है। डोंगरगांव के किसानों ने स्वयं की व्यवस्था से सफेद मुसली की खेती कर आर्थिक लाभ ले रहे है, इन किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए उन्हें आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। झिरन्या में मिर्च फसल के लिए नर्सरी लगाई है, जहां पौधे उपलब्ध हो सकेंगे। अब तक किसान बीज लगा रहे थे। कलेक्टर ने अपील की कि आगामी सीजन में खाद लेने के लिए ई-टोकन व्यवस्था शुरु की जा रही है, इसके लिए किसानों को फार्मर आईडी जरुरी होगी, सभी किसान यह आईडी जरुर बनवाएं। कलेक्टर ने 14 वर्ष की बच्चियों के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया, उन्होंने कहा किसी भी तरह की भ्रांति न रखें। मेले को भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी ने भी संबोधित किया।

### आस्था भाव से मनाया आदिनाथ भगवान का जन्म-तप कल्याणक




**सनावद, निप्र।** जैन धर्म के संस्थापक व प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म एवम तप कल्याणक सभी समाज जनों ने गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास से मनाया। सन्मति जैन काका ने बताया कि भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक के अवशर पर श्री आदिनाथ जिनालय में नगर में विराजमान आचार्य सुनिल सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका श्री आगम मति माताजी के सानिध्य में प्रात: श्रीजी का अभिषेक ततपश्चात शान्ति धारा एवम भगवान का पूजन हुआ। आशीष झांझरी ने बताया कि मंदिर में आज के इस पावन अवसर पर रजतमयी श्रुतस्कंध यंत्र की स्थापना सावित्री बाई कैलाश चंद जटाले राजेश ब्रदर्स परिवार के द्वारा की गई। एवं परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज,आचार्य श्री वर्धमानसागर जी महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की स्थापित करने का सौभाग्य जयप्रकाश जी पहाड़िया सनावद परिवार को प्राप्त हुआ। वही अगले क्रम में कुण्डलपुर वाले बड़े बाबा का मंडल विधान पावागिरी ऊन से पधारे ब्रह्मचारी भावेश भईया के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर आर्यिका आगम मति माताजी ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ), जैन धर्म के पहले तीर्थंकर थे, जिनका जन्म कल्याणक दिवस तिथि के अनुसार चैत्र वदी नवमी को मनाया जाता है।

यह दिन जैन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भगवान ऋषभदेव ने इस दिन धरती पर जन्म लिया था और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण कर अनंत आत्मा के उद्धार की दिशा में पहला कदम उठाया गया था। उन्हें ऋषभदेव जी, ऋषभनाथ भी कहा जाता है। ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का जन्म युग के आदि में राजा नाभिराय जी के यहां पर माता मरूदेवी की कोख में हुआ था। उन्हें जन्म से ही सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञान था। वे समस्त कलाओं के ज्ञाता और सरस्वती के स्वामी थे।

#### 48 दीपों से आराधना

भगवान आदिनाथ ने विश्वशांति के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। अगले कड़ी में रात्री में भगवान की संगीतमय भक्ति व 48 दीपों से भक्तामर जी की आराधना सनावद की स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा किया गया। विधान में पूजन सामग्री देने का सौभाग्य कोमल जैन,एवं आशीष झांझरी परिवार को प्राप्त हुआ। वही बड़े मंदिर जी मे प्रात :आदिंनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक किया गया वही णमोकार धाम में भक्तों के द्वारा वृहद स्तर पर आदिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक एवम पूजन किया गया। इस अवसर पर सभी समाजजनों ने उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कसरावद में ज्ञान का नया केंद्र बनेगी निमाड़ लाइब्रेरी, छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**कसरावद, निप्र।** शिक्षा और ज्ञान के प्रसार को नई दिशा देने के उद्देश्य से निमाड़ लाइब्रेरी एवं पार्क कसरावद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लाइब्रेरी को विद्यार्थियों के लिए अधिक उपयोगी और सुविधाजनक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।



बैठक में लाइब्रेरी में करेंट अफेयर की नवीन पुस्तकों की उपलब्धता, आवश्यक फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था तथा नियमित साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर सहमति बनी। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों से जनसहयोग लेकर लाइब्रेरी को और समृद्ध बनाने की अपील की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि लाइब्रेरी का लाभ केवल कसरावद नगर तक सीमित न रहकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक भी पहुंचे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर ग्रामीण विद्यार्थियों को लाइब्रेरी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर निमाड़ लाइब्रेरी की परामर्श समिति का गठन भी किया गया। लाइब्रेरी की स्थायी समिति के सदस्य प्रकाश पाटीदार ने विश्वास व्यक्त किया कि लाइब्रेरी के संचालन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर समाज से पर्याप्त सहयोग प्राप्त होगा। बैठक में संजय शर्मा एवं डॉ. सुदर्शन गोखले ने लाइब्रेरी के पाठकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर उनकी समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान प्रस्तुत किए।

बैठक के दौरान शिक्षिका मनोरमा शाक्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सराहनीय पहल करते हुए 30 अप्रैल तक नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक घंटे नि:शुल्क कोचिंग देने की सहमति दी। साथ ही लाइब्रेरी में महान व्यक्तित्वों के जीवन, विचार और प्रेरणादायक प्रसंगों पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे छात्रों में ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी। पार्षद प्रतिनिधि शुभम कुशवाह, ब्रह्माकुमारी से सारिका दीदी और रेखा पाटीदार , अनीस खान, सुधीर सराफ, जितेंद्र पाटीदार, राजेश सुल्ताने , राजेन्द्र राठौड़, मोहन यादव, संजय हिंगोले, प्रकाश चंद्र गोखले , पेंशनर संघ के अध्यक्ष वालकृष्ण डोंगरे, राम सावले, सचिन सावले, जगदीश कुशवाह सहित लाइब्रेरी के अनेक नियमित पाठक उपस्थित रहे।

### अंदड में बालिकाओं का टीकाकरण शिविर आयोजित



**अंदड, निप्र।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंदर में बालिकाओं का टीकाकरण शिविर लगाया गया। शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीकनगांव के प्रभारी डॉक्टर विजय वर्मा के मार्ग निर्देशन में ह्यूमन पेपिल्लों वायरस सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह के अंतर्गत आने वाली बालिकाओं का टीकाकरण किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्रशांत मांड्या, संकुल केंद्र अंदर के प्राचार्य गिरीश शर्मा, शिक्षक वर्ग, स्वास्थ्य केंद्र अंदर के कुष्ठ रोग कर्मचारी, आर, एस भदोरिया, सेक्टर सुपरवाइजर सुरेश शर्मा अविनाश त्रिवेदी, डीईओ अंतिम मोरे, आशा कार्यकर्ता एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**गोगावा, निप्र।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को जनपद पंचायत के मीटिंग हाल में आने वाले त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिट्टू सहगल और खरगोन एसडीएम वीरेंद्र कटारे एसडीओपी भिकन गांव राकेश आर्य तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर द्वारा नगर में आगामी मार्च माह में मुख्य रूप से गणगौर पर्व, ईदुलफितर एवं शीतला माता महाआरती के त्योहारों के मद्देनजर नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे इस हेतु गुरुवार दोपहर 12 बजे जनपद हाल में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियो व शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सदस्यों द्वारा बताए गए मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर उनका समाधान करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। बैठक पश्चात अधिकारियों द्वारा नगर का ओचक निरीक्षण भी किया गया इस दौरान मंदिर परिसर गणगौर घाट भी अधिकारी पहुंचे और यहां की स्थिति देखी इनके साथ थाना प्रभारी दीपक यादव, उपनिरीक्षक रितेश तायड़े प्रधान आरक्षक दिनेश मंडलोई, आरक्षक आशीष सांवले, सुमित भदौरिया, अभिषेक आदि मौजूद थे।

### एचपीवी टीकाकरण में पहुंच रहीं बालिकाएं



**मंडलेश्वर, निप्र।** केंद्र सरकार के एचपीवी टीकाकरण अभियान मे अब तेजी आ चुकी है। महेश्वर और मंडलेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह टीकाकरण 28 फ़रवरी से चल रहा हैं।

डॉ राकेश पाटीदार ने बताया कि यह वेक्सीन भरोसेमंद और पूर्ण सुरक्षित हैं इसके कोई साईट इफेक्ट नहीं हैं 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओ कों यह वेक्सीन लगाया जा रहा हैं इसके लगने से उन्हें भविष्य मे बच्चेदानी के कैंसर से बचाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ विशाल बामनिया ने बताया की मंडलेश्वर केन्द्र पर ट्रेंड स्टॉफ द्वारा टीकाकरण किया जा रहा हैं। सबसे पहले मिनी हंसानी और गोपाल पगारे द्वारा ऑनलाइन पंजीयन किया जाता हैं उसके बाद ए एन एम अर्चना यादव वेक्सीन लगाती हैं। वेक्सीन लगने के बाद आधा घंटा बालिका को निगरानी मे रखा जाता है। सामन्य होने पर उन्हें घर भेज दिया जाता है। अभी तक लगभग 180 बालिकाओ कों वेक्सीन लग चुकी है। संकुल प्राचार्य जे के सोनी ने बताया की संकुल के स्कूलों मे अध्ययनरत 400 से अधिक बालिकाओं कों वेक्सीन लगवाई जाएगी।

## एक नजर में


### साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता कल और 15 मार्च को

# जेआईटी बोरावां में ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोरावां में कक्षा 12वीं गणित 2026 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए शनिवार और 15 मार्च 2026 को जेईई 2026 के नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर से परिचित कराना तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। संस्था द्वारा जारी सूचना एवं प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में कक्षा 12वीं गणित संकाय के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह परीक्षा पूरी तरह नि:शुल्क आयोजित की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें भाग लेकर अपनी तैयारी का आकलन कर सकें। डीन डॉ. सुनील सुगंधी द्वारा जानकारी में बताया कि यह प्रतियोगिता परीक्षा ऑब्जेक्टिव (बहुविकल्पीय) प्रकार की होगी, जो जेईई मेन्स 2026 के नए पैटर्न के अनुरूप आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 11 हजार , द्वितीय पुरस्कार 5100/- एवं तृतीय पुरस्कार 2100/ एवं इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए 20 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। संस्था प्रबंधन द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए चाय-नाश्ता, भोजन तथा बस की व्यवस्था भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए संस्था द्वारा तथा विद्यार्थियों के स्कूलों से मोबाइल पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म की लिंक उपलब्ध कराई जा रही है विद्यार्थियों को उस लिंक के माध्यम से शीघ्र अपना पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) पूर्ण करना होगा। ऐसे विद्यार्थी किसी कारणवश ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहींकर पा रहे है उन्हें परीक्षा के पूर्व संस्था में ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई है। संस्था प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं, परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा अपने सहपाठियों और मित्रों को भी इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देकर उन्हें सहभागी बनने के लिए प्रेरित करें।